इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका यानि देशों में टेस्ट सीरीज जीतना उनके लिए खिताब से बड़ा है। हर साल आता है, लेकिन इंग्लैंड जैसी जगह पर टेस्ट सीरीज खेलने का मौका करियर में 2-3 बार ही मिलता है।

- शुभमन गिल

भारतीय टेस्ट कप्तान, अपने खेल के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **सचिन तेंदुलकर**

दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा- मुझे खुशी है कि उनके (टाइगर पटौदी) के सम्मान में एक पदक देने का फैसला किया गया है। पटौदी ट्रॉफी के रिटायरमेंट पर विवाद हो गया था। ऐसे में तेंदुलकर ने पटौदी की विरासत को कायम रखने की पहल की। इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है।

क्या आप जानते हैं ?... भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट अगस्त 2021 में हुआ था, अब इंग्लैंड ने एक पारी और 76 रनों से बड़ी जीत दर्ज की थी।

ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव

विंडीज के खिलाफ टेस्ट से लाबुशेन बाहर

नई दिल्ली, 20 जून। बारबाडोस में 25 जून से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम में दो बड़े बदलाव किए हैं। मार्नस लाबुशेन को खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किया गया है, जबकि स्टीव स्मिथ चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह सैम कोंस्टस और जोश इंग्लिस को टीम में शामिल किया गया है।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने का फैसला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद लिया है। लाबुशेन फाइनल में दोनों पारियों में 39 रन ही बना पाए थे लाबुशेन को फाइनल में ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन वह 17 और 22 रन ही बना सके। पिछले दो सालों से उनका फॉर्म खराब चल रहा है।

चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा,मार्नस अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में टीम के लिए अहम हो सकते हैं। हम उनके साथ उनकी कमजोरियों को सुधारने पर काम करेंगे। हमें उनकी क्षमता पर भरोसा है और उम्मीद है कि वह इस चुनौती का सकारात्मक जवाब देंगे। कोंस्टस को तीसरा टेस्ट खेलने का मौका कोंस्टस को तीसरा टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा, जिन्होंने भारत के खिलाफ मेलबर्न में डेब्यू पर 65 गेंदों में 60 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लिस ने इस साल गाले में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में शतक जड़ा था।

स्मिथ फाइनल में चोटिल हो गए थे स्मिथ को लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे दिन टेम्बा बवुमा का कैच पकड़ने का प्रयास करने के दौरान दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लगी थी। सर्जरी से बचने के लिए उन्हें आठ सप्ताह तक स्प्लिंट पहनना होगा। हालांकि, उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज सीरीज के बाद के मैचों में वापसी कर सकते हैं। बेली ने कहा,स्टीव को घाव ठीक होने के लिए और समय चाहिए। हम एक हफ्ते बाद उनकी स्थिति की समीक्षा करेंगे।

बेली ने कोंस्टसऔर इंग्लिस को मौका देने पर उत्साह जताया। उन्होंने कहा, जोश ने श्रीलंका में अपने डेब्यू टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था। वह विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाने की क्षमता रखते हैं। प्लेइंग इलेवन और बल्लेबाजी क्रम की घोषणा टेस्ट के करीब होगी, लेकिन कोंस्टस के उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने की संभावना है। पिच की स्थिति के आधार पर ऑस्ट्रेलिया दो स्पिनरों - नाथन लियोन और मैट कुह्नमैन - को उतार सकता है।

गेंदबाजों ने दिलाई बांग्लादेश को 10 रनों की बढ़त

गॉले (श्रीलंका), 20 जून। नईम हसन (पांच विकेट) और हसन महमूद (तीन विकेट) ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शुक्रवार को दूसरे सत्र में श्रीलंका की पहली पारी को 485 रन रोकने के बाद बंगलादेश ने 10 रनों की मामूली बढ़त ले ली है। श्रीलंका ने कल के चार विकेट पर 368 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। श्रीलंका का आज सुबह के सत्र में पांचवां विकेट कप्तान धनंजय डीसिल्वा (19) के रूप में गिरा। उन्हें नईम हसन महमूद ने विकेटकीपर लिटन कुमार दास के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बंगलादेश की गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। कुसल मेंडिस (पांच) को हसन महसमूद ने आउट किया। मिलन रत्नायके (39), थरिंडु रत्नायके (शून्य) और असिता फर्नांडो (चार) रन बनाकर आउट हुये।

सुद्रासन की नौ बेटियों ने रचा इतिहास

राजकीय बालिका फुटबॉल अकादमी कोटा के लिए सुद्रासन की 9 बालिका खिलाड़ियों का चयन

डीडवाना, 20 जून। । जिले के सुद्रासन गांव की नौ बेटियों ने एक साथ राज्य स्तरीय फुटबॉल अकादमी में चयनित होकर इतिहास रच दिया है। कोटा स्थित राजकीय बालिका फुटबॉल एकेडमी में इन होनहार बेटियों का चयन हुआ है। इस अभूतपूर्व सफलता के पीछे हैं कोच शादाब उस्मानी, जिन्होंने अपनी मेहनत से एक छोटे गांव को राज्य स्तरीय पहचान दिलाई है।

सुद्रासन गांव प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। इस गांव में आज जश्न का माहौल है। वजह भी खास है - गांव की एक-दो नहीं, बल्कि नौ बेटियों ने राजकीय बालिका फुटबॉल एकेडमी कोटा में अपना स्थान पक्का किया है। इन बेटियों की इस उपलब्धि के पीछे डीडवाना के कोच शादाब उस्मानी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

शादाब ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण भाव से सुद्रासन गांव की बालिकाओं को ना केवल खेल के लिए प्रोत्साहित किया, बल्कि वे रोजाना 35 किलोमीटर का सफर तय कर गांव जाते ओर बेटियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते रहे। अब उनकी मेहनत रंग लाई है और बीते दिनों जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बालिका फुटबॉल चयन ट्रायल प्रक्रिया में सुद्रासन गांव की करीब दस बालिका खिलाड़ियों में से 9 खिलाड़ियों का राजकीय बालिका फुटबॉल एकेडमी कोटा के लिए चयन हुआ है। अब यह बेटियां राष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग के लिए कोटा जाएंगी।

बेटियों के चयन और उपलब्धि पर बलदेव राम मिर्धा स्टेडियम में स्वागत समारोह आयोजित किया, जिसमें मारवाड़ फुटबॉल एकेडमी के डायरेक्टर डॉक्टर सोहन चौधरी ने कोच शादाब उस्मानी के साथ ही चयनित सभी 9 बालिकाओं का भी स्वागत कर हौंसला अफजाई की। इस मौके पर डॉक्टर सोहन चौधरी ने कहा कि सुद्रासन गांव की बेटियों ने अपनी मेहनत के दम पर खेल की दुनिया में अपनी पहचान बनाई है और डीडवाना सहित देशभर के लिए एक मिसाल बनी है। इसलिए जरूरत है ऐसे ही प्रयासों को प्रोत्साहन देने की, ताकि हर गांव से प्रतिभाएं उभरती रहे और देश का नाम रोशन करती रहे।

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के शुभंकर 'विराज' का हुआ अनावरण

नई दिल्ली, 20 जून। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने शुक्रवार को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। आज यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया।

इस अवसर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज़्बे और जुझारूपन का महोत्सव है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेल जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को दी गई विश्वस्तरीय सुविधाओं और सम्मान ने भारत को पैरा गेम्स में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा लेने वाले सभी पैरा खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सभी खेलों और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। इस अवसर पर भारतीय पैरा ओलंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया, मुख्य संरक्षक वनाठी श्रीनिवासन और दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद और अनय गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

सभी जिला संघ के क्रिकेट मैदान, क्रिकेट एकेडमी पर अनुभव योगा टीचर द्वारा योग दिवस आयोजित करे : बिहानी

जयपुर, 20 जून। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 11 वर्ष पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित करने की घोषणा के साथ हर वर्ष 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे भारत वर्ष में आयोजित किया जा रहा है। इसी तरह राज्य स्तरीय योग दिवस का आयोजन खुहडी सैंड हुन्स, जैसलमेर में किया जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा योग दिवस में शामिल होंगे। जयदीप बिहाणी, संयोजक तदर्थ समिति, आरसीए द्वारा समस्त जिला संघो से निवेदन किया है कि सभी जिला संघ के क्रिकेट मैदान, क्रिकेट एकेडमी पर कल प्रातकाल अनुभव योगा टीचर द्वारा योग दिवस आयोजित कर खिलाड़ियों को स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहित करें।

गली क्रिकेट टीम बनी चैम्पियन

रतनगढ़, 20 जून। शहर के न्यू लिंक रोड पर चौधरी मुक्तिधाम के सामने स्तिथ केडी स्पोटर्स ग्राउंड पर चल रही रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का सम्मापन गुरुवार देर रात हुआ। आयोजक सुनील वर्मा ने बताया कि। एक सप्ताह तक चली प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो ने भाग लिया। गुरूवार रात गली क्रिकेट टीम व आर स्टार के मध्य फाइनल मैच खेला गया। जिसमें गली क्रिकेट टीम ने शानदार जीत दर्ज करते हुए ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। मैच समापन पर बीसीएमओ डॉ मनीष तिवाड़ी के मुख्य अतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें समाजसेवी राजेंद्र सिंह बिदावत, नर्सिंग ऑफिसर गौरीशंकर सैनी, अमित सैनी चूरू एंव गजेन्द्र सिंह शेखवात चूरू मंचस्थ थे। इस दौरान विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11 हजार नगद, एंव उप विजेता टीम को ट्रोफी के साथ 5 हजार नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बीसीएमओ डॉ मनीष तिवाड़ी ने कहा कि खेल युवाओं के लिए अति आवश्यक है, खेल से युवा वर्ग फिट रहता है। और युवा वर्ग फिट रहेगा तभी देश ओर समाज आगे बढ़ेगा। विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी का वितरण संजीवनी हॉस्पिटल के आर्थिक सौजन्य से किया गया। सफल अयोजन के लिए आयोजक सुनील वर्मा,चंद्रप्रकाश सुईवाल,अनिल वर्मा व अशोक वर्मा ने सभी का आभार जताया। मैच का आंखों देखा हाल देवीसिंह पंवार व कान्हा ने संयुक्त रूप से किया।

के.एल. सैनी क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 20 जून। अंडर-16 अरावली कप में राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38 ओवर में 153 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। पुनीत यादव ने 34 और रौनक राकेश गुप्ता ने 31 रनों का योगदान दिया! के एल सैनीक्रिकेट अकादमी की ओर से गोरांश शर्मा ने चार और सतवीर जाट ने तीन विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी के एल सैनीक्रिकेट अकादमी ने 154 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली। साइओम ने 29, धनुष ने 28 और दीनदयाल सैनी ने 24 रनों का योगदान दिया।राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी की ओर से अथर्व सिंह और शुभम गुर्जर ने दो-दो विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच सतवीर जाट को चुना गया।

राजस्थान राज्य जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता कल से कोलीडा सीकर में

जयपुर, 20 जून। राजस्थान फुटबाल संघ के तत्वाधान मेंराजस्थान राज्य जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता 22 जून से 24 जून 2025 कोलीडा जिला सीकर में आयोजित की जा रही है। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि प्रतियोगिता में 23 जिले ओर राजस्थान खेल परिषद की अकादमी जोधपुर की टीम भाग लेगी जिसमें लगभग 400 खिलाड़ी भाग लेगे।

प्रतियोगिता के मैच कोलीडा ओर जेरथी के फुटबाल मैदानों में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में से चुने हुए खिलाड़ी राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लेगे जो कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के द्वारा आयोजित की जाएगी। जिला फुटबाल संघ सीकर के सचिव सुरेन्द्र मील जी ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। राजस्थान के विभिन्न जिलों से पहुंचने वाले खिलाड़ियों का जिला फुटबाल संघ की तरफ से स्वागत है।

अध्यक्ष कर्नल मानवेन्द्र सिंह जसोल ओर महिला विंग चेयरपर्सन रोशनी टॉक ने बताया कि राजस्थान फुटबाल संघ के द्वारा गत वर्षो से सभी आयु वर्गों बालक व बालिका में प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिले और राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिताओं में गत वर्ष की भाती अच्छे परिणाम मिले। प्रतियोगिता का ड्रा राजस्थान फुटबाल कार्यालय में सचिव दिलीप सिंह शेखावत, कृष्ण अवतार उपाध्यक्ष राजस्थान फुटबाल संघ जसवंत सिंहा अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी व अब्दुल जब्बार राष्ट्रीय खिलाड़ी की मौजूदगी में निकाला गया।

राजस्थान जूनियर स्टेट तैराकी 12 जुलाई से कोटा में

जयपुर, 20 जून। राजस्थान तैराकी संघ और कोटा जिला संघ की संयुक्त मेजबानी में राजस्थान जूनियर स्टेट तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 14 जुलाई तक कोटा के विजयराजे सिंधिया तरणताल पर किया जाएगा। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने आज यहां बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से तैराक हिस्सा लेंगे।

व्यास ने बताया कि स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के जूनियर स्तर पर किए बदलाव के बाद अब राज्य चैंपियनशिप में जूनियर ग्रुप-2 में जहां 13 और 14 वर्ष आयु के तैराक हिस्सा ले सकेंगे, वहीं जूनियर ग्रुप-1 में 15, 16 और 17 वर्ष के तैराक शामिल होंगे। व्यास ने बताया कि एक तैराक अधिकतम पांच स्पर्धाओं में अपनी एंट्री भेज सकता है।

जूनियर चैंपियनशिप के लिए कोटा के प्रमोद यादव को आयोजन सचिव नियुक्त किया गया है।

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले तैराक अपनी एंट्री आयोजन सचिव को 28 जून तक भेज सकते हैं। प्रतियोगिता में फेडरेशन के डाटाबेस पर रजिस्टर्ड और यूआईडी धारक तैराक ही हिस्सा ले सकेंगे। अनिल व्यास ने बताया कि फ्रीस्टाइल वर्ग में 50, 100, 200, 400, 800 और 1500 मीटर की स्पर्धाएं होंगी, जबकि बैक स्ट्रोक में 50, 100 और 200 मीटर, ब्रेस्टस्ट्रोक में 50, 100 और 200, बटरफ्लाई में 50, 100 और 200, व्यक्तिगत मेडले में 200 और 400 मीटर, फ्रीस्टाइल रिले में 4 गुणा 100 और 4 गुणा 200 मीटर तथा मेडले रिले में 4 गुणा 100 मीटर की स्पर्धा होगी। इस तरह 20 स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों के लिए मुकाबला होगा।

व्यास ने बताया कि स्टेट चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर ही 10 अगस्त से अहमदाबाद में होने वाली जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के लिए राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टेट चैंपियनशिप में फेडरेशन द्वारा निर्धारित मापदंड को पूरा करने, नया कीर्तिमान स्थापित करने और अपनी स्पर्धा में व्यक्तिगत चैंपियन बनने वाले तैराक ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पात्र होंगे।

कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.
Office of The Municipal Board, Deoli (Tonk) Rajasthan
Tel.- (01434) 232013, E-mail : npdeoli@gmail.com

क्रमांक/न.पा.दे./विकास/ई निविदा/2025-26/2339 दिनांक : 17.06.2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या (03/2025-26)

नगरपालिका देवली (टोंक) द्वारा नगर निकाय देवली एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारों/संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन निविदा **दिनांक 18.06.2025 को प्रातः 9.00 बजे से 23.06.2025** को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित निविदा प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जरिये RTGS/NEFT द्वारा HDFC Bank Account Number 25991450000134 IFSC Code HDFC0002599 में दिनांक 23.06.2025 को सायं 6.00 बजे तक जमा करवाकर Transction ID सहित बैंक स्टेटमेन्ट की प्रति ऑनलाईन अपलोड करनी होगी। तकनीकी बिड दिनांक 24.06.2025 को एवं वित्तीय बिड तकनीकी निविदा सफल होने के बाद खोली जावेगी। निविदा फार्म एवं ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्तें वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में उपलब्ध है। 01 कार्य की कुल लागत 24.95 लाख है।

NIB Code - DLB2526A2586
UBN No. - DLB2526WSLB08164

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका देवली
राज.संवाद/सी/25/4471

MUNICIPAL BOARD, NATHDWARA DIST.- RAJSAMAND
S.No./M.B.Nath/Nit/Cont./25/ 7739 Date : 17-06-2025

Notice Inviting Bid

Bids for different works Nit No. 20 /2025-26 of Municipal Board Nathdwara are invited from interested bidders upto date 03-07-25 on18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:/eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.
UBN No. – 1. DLB2526WSOB08325, 2. DLB2526WSOB08326

Commissioner,
Municipal Board Nathdwara
Raj.Samwad/C/25/4599

कार्यालय नगर पालिका मण्डल बांदीकुई (दौसा)
Email: bandikui.jaipur@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.बा./2025/947 दिनांक :- 16.06.2025

BID सूचना

समस्त पंजीकृत संवेदक/सामाजिक संस्थाओ को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बांदीकुई NIB Code. DLB2526A2575 तथा UBN No. DLB2526WSRC08145 कार्य करवाना चाहती है अतः इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक 25.06.2025 को सायः 06:00 बजे तक अपनी दर ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते है। निविदा आनलाईन बेबसाईट http://sppp..goverment.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा से संबंधित शर्ते उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका बांदीकुई
राज.संवाद/सी/25/4470

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
क्रमांक :- जो.वि.प्रा./पश्चिम/2025-26/राजकाज 15964873 दिनांक :- 18/06/2025

ई-बिड सूचना संख्या :- जोन पश्चिम/03/2025-26

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्यो हेतु मुहरबंद बिड आमंत्रित की जाती हैं। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.joda.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code : JOD2526A0051,
UBN No. : JOD2526WSOB00126 & JOD2526WSOB00127

राज.संवाद/सी/25/4652 अधिशाषी अभियंता (पश्चिम)

कार्यालय बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर
Near Collector Office, Bikaner (Rajasthan) Fax :- 91-151-2226012, Phone :-91-151-2226012, 91-151-2226013
E-Mail Address:- uitbikaner@yahoo.co.in Web Site :- urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner
क्रमांक - बीविप्रा./बीका/अ.अभि/2025-26/2754 दिनांक :- 17/06/2025

ई - बिड सूचना संख्या 14-III-2025-26

बीकानेर विकास प्राधिकरण, बीकानेर की ओर से Council of Architecture (COA) में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत फर्म से Consultancy कार्य हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की गई है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने प्राप्त करने व खोलने की दिनांक एवं निविदा शर्तों आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner पर देखा जा सकता है।

(UBN No. :- ITB2526WSOB00080)

राज.संवाद/सी/25/4650 अधिशाषी अभियन्ता

Rajasthan State Pollution Control Board
Headquarter, 4, Institutional Area, Jhalana Doongri, Jaipur-302004
Phone 0141-27168049, 2716800, E-mail : member-secretary@rpcb.nic.in
F.12(Project-38)/RSPCB/ Date :

Inviting Applications for engagement of Young Interns purely on contract basis at Rajasthan State Pollution Control Board

Rajasthan State Pollution Control Board invites applications for Young Interns at RSPCB purely on contract basis for a period of one year, which is extendable up to a maximum period of one year based on satisfactory performance. Further details are available at RSPCB website:
https://environment.rajasthan.gov.in/content/environment/en/rajasthan-state-pollution-control-board.html#

Application addressed to the MS, RSPCB with application form, CV having details of address, mobile and email for correspondence with relevant supporting documents, experience certificates, etc., shall be submitted to the Member Secretary, Rajasthan State pollution Control board, 4 Institutional Area, Jhalana Doongri, Jaipur by 25.06.2025 physically or by email at interns2025rspcb@gmail.com.

Raj.Samwad/C/25/4639 Member Secretary

कार्यालय नगरपालिका दूनी (टोंक) राज.
Office of the Municipal Board, Dooni (Tonk) Rajasthan
क्रमांक : न.पा.दू./ई-निविदा/2025-26/721 दिनांक : 16.06.2025

-: निविदा सूचना संख्या (02/2025-26) :-

नगरपालिका दूनी (टोंक) द्वारा नगर निकाय दूनी एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारों/संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई- प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा दिनांक 18.06.2025 से 30.06.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक दरें आमंत्रित की जाती है। तकनीकी बिड दिनांक 30.06.2025 को सायं 04.00 बजे एवं वित्तिय बिड तकनीकी निविदा सफल होने के बाद खोली जावेगी। निविदा फार्म एवं निविदा से ई-निविदा सम्बन्धित विवरण व शर्तें वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में कार्यालय में उपलब्ध है। 01 कार्य की कुल लागत 40.00 लाख है।

NIB Code - DLB2526A2592
UBN No. - DLB2526SLRC08183

प्रशासक (RAS) नगरपालिका दूनी (टोंक) — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका दूनी (टोंक)
राज.संवाद/सी/25/4466

नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)
क्रमांक-निर्माण शाखा/निविदा/2025/934-36 दिनांक : 17.06.2025

निविदा सूचना

नगर पालिका रतनगढ़ की और से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 16.06.2025 से दिनांक 26.06.2025 शाम 6 बजे तक अनुसार डाऊनलोड तथा अपलोड एंव दिनांक 27.06.2025 को सांय 5 बजे खोली जायेगी। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर नगर पालिका रतनगढ़ में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागो में पंजिकृत सक्षम संवेदको द्वारा 2 प्रतिशत राशि का डी.डी. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रतनगढ़ के नाम व रूपये 500/- का चालान "M.D. RISL Jaipur" के नाम जयपुर में देय से ऑन लाईन निविदा खोलने से पूर्व नगर पालिका रतनगढ़ में प्रस्तुत करना होगा।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.sppp.raj.nic.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB code- DLB2526A2525
UBN :- DLB2526WSOB07970, DLB2526WSOB07974, DLB2526WSOB07981, DLB2526WSOB07983, DLB2526WSOB07992, DLB2526WSOB07993, DLB2526WSOB07994, DLB2526WSOB07995, DLB2526WSOB07996, DLB2526WSOB07997, DLB2526WSOB07998, DLB2526WSOB07999, DLB2526WSOB08000, DLB2526WSOB08001, DLB2526WSOB08002, DLB2526WSOB08003, DLB2526WSOB08004, DLB2526WSOB08006, DLB2526WSOB08007, DLB2526WSOB08008

राज.संवाद/सी/25/4512 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा
email :nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142
क्रमांक :- ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/343-357 दिनांक :-18.06.2025

ई-निविदा सूचना संख्या :19/2025-26

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों सेनिम्नांकित कार्यो हेतु कुल राशि 132.38 लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 23.06.2025 से दिनांक 30.06.2025 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाखों में)
1	132 केवी महावीर नगर जी.एस.एस. से नया बस स्टेण्ड सुभाष नगर तक 33 केवी केबल का रेस्ट्रोरेशन का कार्य।	7.43
2	नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड संख्या 71 तलवण्डी सेक्टर 02 व 03 में आर.सी.सी. नाला निर्माण एवं विभिन्न स्थानो पर विभिन्न प्रकृति के सिविल निर्माण/मरम्मत कार्य।	95.00
3	नगर निगम कोटा दक्षिण की सीमा क्षेत्र में आने वाले एस.एन. पारीक हॉस्पिटल से मोदी कॉलेज पुलिया होते हुये धोकड़े वाले हनुमान जी तक नाले की दिवारों पर प्लास्टर मरम्मत, रंगाई, पुताई एवं पैन्टिंग का कार्य।	29.95

NIB Code No.DLB2526A2623 UBN No.DLB2526WSOB08319
UBN No.DLB2526WSOB08320 UBN No.DLB2526WSOB08321

अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम कोटा दक्षिण
राज.संवाद/सी/25/4616

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
प्रभास्मि शशि सूर्यायः रजि. ऑफिस.- विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर-302005
Website : http://energy.rajasthan.gov.org/jvvnl, कार्यालय मुख्य अभियन्ता (कोटा संभाग)
नयापुरा पॉवर हाऊस, स्लाई रोड़, कोटा- 324001, दूरभाष नं. 0744- 2320881, 2450066, ईमेल :- zcekz@jvvnl.org

ई - निविदा सूचना

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा विभिन्न कार्यो हेतु दो भागों में ई-निविदा (तकनीकी-वाणिज्यिक) एआरसी 2023 पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। झालावाड़ वृत में सहायक अभियन्ता (पवस), बकानी के अन्तर्गत 33/11 केवी बकानी-।। सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी व 11 केवी लाईन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-17/2025-26) (UBN:VVN2526WSOB00111), सहायक अभियन्ता (पवस), सुनेल के अन्तर्गत 33/11 केवी ओसाव सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-18/2025-26) (UBN:VVN2526WSOB00112), सहायक अभियन्ता (पवस), डग के अन्तर्गत 33/11 केवी धतूरीया सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-19/2025-26) (UBN:VVN2526WSOB00113), बारां वृत में सहायक अभियन्ता (पवस), शाहबाद के अन्तर्गत 33/11 केवी संदोकड़ा सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी व 11 केवी लाईन के निर्माण कार्य करने हेतु (टीएन-20/2025-26) (UBN:VVN2526WSOB00114